जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी को श्रद्धांजलि दी**

जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक सदस्य डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी की जयंती पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी (25 दिसंबर 1880 - 10 मई 1936) जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापकों में से एक संस्थापक थे और उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में भी कार्य किया।

वे एक प्रसिद्ध चिकित्सक और सम्मानित राष्ट्रवादी नेता थे। वे लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे, इसके अध्यक्ष(1927) के रूप में, कई वर्षों तक इसके सचिव और आजीवन कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य के रूप में।

उन्होंने तुर्की में मेडिकल मिशन का नेतृत्व किया (1912) और इंग्लैंड में खिलाफत प्रतिनिधिमंडल का भी नेतृत्व किया (1920)। उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया, जामिया के महत्व को समझाया और जामिया के अस्तित्व के लिए जरूरी धन राशि को एकत्रित किया। उन्होंने जर्मनी में श्री अब्दुल मजीद ख्वाजा के साथ, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. आबिद हुसैन एवं डॉ. मोहम्मद मुजीब को जामिया की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. एम.ए. अंसारी अपने अटूट आशावाद एवं समर्पण के लिए जाने जाते हैं। यह उनकी निस्वार्थ सेवा ही थी जिसके कारण जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसे शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हुई।

कुलपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश प्रसाद; संकाय सदस्य और कर्मचारी भी जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापक डॉ. एम.ए. अंसारी को श्रद्धांजलि देने में शामिल हुए।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया